1.19

Speed Post/Fax

पत्रांक:-डी0 28012/1/2015(रिकार्ड)-302

भारत सरकार

GOVERNMENT OF INDIA

MINISTRY OF HOME AFFAIRS/GRIH MANTRALAYA

2011

# जनगणना कार्य निदेशालय,झारखण्ड

**OFFICE OF THE DIRECTOR OF CENSUS OPERATIONS, JHARKHAND**

रियाडा केन्द्रीय कार्यालय भवन, द्वितीय तल, औद्योगिक क्षेत्र नामकुम, राँची-834010
RIADA Central Office Building, 2nd Floor, Industrial Area, Namkum, Ranchi-834010
Phone No.- 0651-2460383(FAX),2460170,2460340,
Website:- http// www.censusindia.gov.in
*E-mail:- dco-jha.rgi@censusindia.gov.in*

सेवा में, दिनांक- 13.7.15

.........................................................................

.........................................................................

.........................................................................

**विषयः- जनगणना कार्य निदेशालय झारखण्ड के हजारीबाग स्थित अभिलेखागार राजाबंगला एवं जनगणना निदेशालय के राँची स्थित अभिलेखागार, रियाडा से NPR एवं जनगणना के प्रपत्र कोरूगेटेड (बाक्स एवं बोरा में भरे हुए) को उड़ीसा स्थित जनगणना निदेशालय, भुवनेश्वर के Pre Fab Structure में ट्रक द्वारा ले जाने हेतु सीमित निविदा आमंत्रण।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय से संबंधित कार्य हेतु इच्छुक फर्मो से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है कि हजारीबाग अभिलेखागार राजा बंगला (इन्द्रपुरी चौक के निकट) एवं रांची के रियाड़ा भवन स्थित इस निदेशालय के अभिलेखागार से ट्रक द्वारा भुवनेश्वर स्थित जनगणना निदेशालय के Pre Fab structure में जनगणना प्रपत्र को ले जाया जाना है (लोडिंग एवं अनलोडिंग के साथ)।

(1) कोटेशन के लिए निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्य है:-

(I) अग्रिम धन (EMD) के रूप में 20000/- रूपये का डिमांड ड्राफ्ट सहायक निदेशक-सह- डी0डी0ओ0 जनगणना कार्य निदेशालय झारखण्ड रांची के नाम से जो किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक में देय अनिवार्य है।

(II) चालु आयकर समाशोधन प्रमाण-पत्र।

(III) ट्रांसपोर्ट कम्पनी/वाहन का रजिस्ट्रेशन का प्रमाण-पत्र।

(IV) बिक्रीकर/पथ परिवहन कर तथा अन्य देयकर का प्रमाण-पत्र

(V) कम्पनी रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण-पत्र

(VI) पैन कार्ड की प्रतिलिपि

(VII) समान प्रकृति का अन्य विभाग में कार्य करने का अनुभव पत्र

(2) कोटेशन के अन्तर्गत बोली मुल्य निर्धारण प्रपत्र (संलग्नक) पर प्रेषित करना अनिवार्य है।

(3) कोटेशन उप निदेशक जनगणना कार्य निदेशालय झारखण्ड रांची रियाडा भवन द्वितीय तल नामकुम रांची, के नाम दिनांक 05.08.2015 को अपराह्न 3 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में पहुंच जाना चाहिए।

(4) कोटेशन दिनांक 05.08.2015 को अपराहन 4 बजे निदेशालय की क्रय समिति द्वारा रांची स्थित रियाडा भवन के द्वितीय तल में खोली जायगी जिसमें निविदाकर्ता/उनके प्रतिनिधि भाग ले सकते है। समिति का निर्णय अन्तिम माना जायगा।

(5)कोटेशन Https://www.censusindia.gov.in/Tender से दिनांक 14.07.2015 से 05.08.2015 के बीच डाउनलोड की जा सकती है इसे कार्यालय से कार्यालय अवधि 9:30-18:00 के बीच दिनांक 14.07.2015 से 05.08.2015 के बीच निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

(6) जिस कोटेशन के साथ अग्रिम धन(EMD) नहीं होगा उस पर विचार नहीं किया जायगा ।
(7) असफल दर कोट करने वाले की अग्रिम धन (EMD) वापस कर दी जायगी, जिस पर कोई भी ब्याज देय नहीं होगा।
(8) अन्तिम रूप से कोटेशन स्वीकार कर लिए जाने पर न्युनतम दर कोट करने वाले को 35000/– रूपये (रूपये पैतिस हजार मात्र) Performance security के रूप में कार्य के सफल निष्पादन के लिए डिमांड ड्राफ्ट के जरिये सहायक निदेशक सह डी0डी0ओ0 जनगणना कार्य निदेशालय झारखण्ड रांची के नाम से जो किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक में देय अनिवार्य है अनुबंध होने से पहले जमा करवाना होगा। यह राशि कार्य के सफलतापूर्वक पूर्ण करने के पश्चात् आवेदन लेकर वापिस कर दिया जायगा।
(9) जनगणना कार्य निदेशालय झारखण्ड रांची कोटेशन में निहित किसी भी शर्त को कोटेशन की प्राप्ति के अन्तिम तिथि से पहले परिवर्तन (Amendment) करने का अधिकार अपने पास आरक्षित रखते है।
(10) जनगणना कार्य निदेशालय झारखण्ड रांची के उप निदेशक किसी भी कोटेशन को बिना कोई कारण बताए स्वीकार व अस्वीकार करने का अधिकार अपने पास आरक्षित रखते है।
(11) कोटेशन की अन्य निबंधन एवं शर्ते इस प्रकार है:–
(I) भारतीय करेंसी में प्रति क्विंटल सपाटदर कोट की जानी चाहिए जोकि शब्दो एवं अंको में लिखी जाए।
(II) दर प्रति क्विंटल में लोडिंग अनलोडिंग, भण्डार में चटटा लगाना, मजदूरी बीमा तथा अन्य देय कर सहित एक मुश्त राशि कोट करें।
(III) लोडिंग एवं अनलोडिंग किए जाने वाले प्रपत्रों, सामग्री का बीमा करना अनिवाय है। जिसकी सम्भावित कीमत लगभग 12.00 लाख रूपये है।
(IV) दर कोट करने वाले को एक ही फेरे में आवश्यकतानुसार तीन या चार अथवा अधिक ट्रकों द्वारा परिवहन कर भुवनेश्वर स्थित Pre Fab Structure में जनगणना प्रपत्रों को पहुंचाना एवं अनलोडिंग करना अनिवार्य अपेक्षित है।
(V) दर कोट करने वाले से 14 से 18 मीट्रिकटन क्षमता वाले ट्रक लोडिंग अनलोडिंग एवं निर्धारित स्थान पर पहुंचाए जाने की अपेक्षा की जायगी।
(VI) पेपर सामग्री का वजन करना अपेक्षित है। पेपर का वजन करना दर कोट करने वाले प्रतिनिधि के लिए अनिवार्य है।
(VII) दर कोट करने वाले को सामग्री के लोडिंग एवं अनलोडिंग एवं निर्धारित स्थान भुवनेश्वर स्थित भण्डार गृह Pre Feb Structure में अनलोडिंग कर रखवाने हेतु आवश्यक मजदूरों/श्रमिकों की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
(VIII) दर कोट करने वाला, सड़क से परेषणों की सही बुकिंग एवं उपरोक्त वर्णित निर्धारित स्थान पर पैकेजो को सही परिदान के लिए पूर्णतया जिम्मेवार होगा और किसी भी ऐसे व्यय के लिए दायी होगा जो गलत बुकिंग और गलत परिदान के परिणाम स्वरूप करना पड़े। वह किन्ही परेषणों को उसकी अभिरक्षा में रहते समय सामग्री की हुई क्षति या हानि/टूटफूट नुकसान के लिए तथा डेमरेज प्रभारों के लिए त्रृटिक कारण हुए हो, दायी होगा।
(IX) सफल दर कोट करने वाले द्वारा हस्ताक्षर किए जाने वाले करार Agreement को विधि के अधीन समुचित मूल्य के न्यायिकेत्तर स्टाम्प पत्र पर निष्पादित किया जायगा एवं स्टांप शुल्क चयन किए गये प्रतिनिधि (दर कोट करने वाले) द्वारा वहन किया जायगा।
(X) सम्पूर्ण माल(जनगणना अभिलेखों) को कार्यादेश के 10 दिन के अन्दर निर्धारित स्थानों पर डिलीवर करना होगा जिसे लिखित रूप से सूचना देने पर पांच दिन के लिए बढ़ायी जा सकती है।
(XI) यदि निविदा किसी भागीदारी फर्म से की जाती है तो करार Agreement पर उस फर्म के सभी प्रतिनिधि अथवा भागीदार को हस्ताक्षर करने होंगे ।
(XII) दर कोट करने वाले कोटेशन के विहित प्रारूप में किसी भी दशा में कोई परिवर्तन या विकृति नहीं करेगा।
(XIII) कोटेशन के साथ संलग्न किये जाने वाले उपरोक्त सभी दस्तावेज के प्रत्येक पृष्ठ फर्म के प्रतिनिधि द्वारा स्वयं प्रमाणित (Self Certified) होना चाहिए।

(XIV) सफल निविदाकर्ता सौपे गये कार्य को किसी भी अन्य व्यक्ति या दूसरे फर्म अथवा संगठन को हस्तांतरण (Subletting) नहीं कर सकते।

(XV) किसी भी तरह की सूचना/स्पष्टीकरण यदि कोई हो, तो जनगणना कार्य निदेशालय, रियाडा भवन से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर प्राप्त कर सकते है।

(XVI) यह निदेशालय किसी भी कारणवश देर से प्राप्त कोटेशन अथवा निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त कोटेशन का जिम्मेवार नहीं होगा।

(XVII) सफल कोट करने वाले को सौपें गये कार्य की अदायगी की राशि सामग्री (जनगणना अभिलेख को निर्धारित स्थानों पर सुरक्षित रूप से पहुंचाने एवं कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण करने के उपरांत दी जायगी।

(XVIII) संविदा/कार्य प्रदान करने का अन्तिम निर्णय, सबसे कम कोट की गई दर के आधार पर होगा।

(XIX) निदेशालय दर कोट करने वाला जिसका प्रस्ताव कमेटी द्वारा मूल्यांकन के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त होगा के साथ बात(Negotiate) करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है। यदि निदेशालय प्रथम स्थान प्राप्त दर कोट करने वाला से अन्तिम करार (Agreement) करने में असफल होता है तो निदेशालय अगला स्थान प्राप्त दर कोट करने वाला से और इसी तरह अगले कोट करने वाले से जब तक अनुबंध अंतिम रूप से नहीं हो जाता अनुबंध करने की आगामी कार्यवाही जारी रखेगा।

(XX) जनगणना सामग्री उपरोक्त वर्णित दोनो स्थानों को मिलाकर लगभग 179159 कि.ग्रा (रियाडा भवन, राँची में – 8485 boxes x 11kg per box= 93335 kg एवं राजा बंगला, हजारीबाग में –7152 boxes x 12 kg per box = 85824 kg) है एवं बक्सों की संख्या लगभग 15637 है (सामग्री को वजन या बक्से की संख्या में कमी–बढ़ोत्तरी हो सकती है। यह मात्रा केवल अनुमानित है। इसका आशय केवल जानकारी देना है तथा यह उस भार के बारे में कोई गारंटी नहीं है जिसे संविदा के अवधि के दौरान ले जाना पड़ सकता है।

(XXI) निविदादाता चाहें तो निविदा देने से पूर्व सामग्री के आकलन हेतु हजारीबाग एवं रांची स्थित अभिलेखागार का भ्रमण कार्यालय अवधि में कर सकते है।

भवदीय,

13.7.2015

**(ईशवर सिंह खनंग्वाल)**
सहायक निदेशक(का0अ0)

# कोटेशन के लिए निर्धारित प्रपत्र

प्रेषक

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

सेवा में

उप निदेशक
जनगणना कार्य निदेशालय, झारखण्ड, भारत सरकार, गृह मंत्रालय
रियाडा केन्द्रीय कार्यालय भवन नामकुम, औद्योगिक क्षेत्र,
राँची–834010

महोदय,

उप निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, झारखण्ड, भारत सरकार, गृह मंत्रालय रियाडा केन्द्रीय कार्यालय भवन नामकुम औद्योगिक क्षेत्र राँची–834010 के पत्र संख्या.................. दिनांक .............................. में उल्लिखित निबंधन व शर्तो को स्वीकार करते हुए मैं.......................... ............................................................ विनिर्धारित दस्तावेजों सहित सामग्री के ढुलाई, हेतु निम्नलिखित दर कोट करता हूँ:–

| क सं | कार्य की मद | अनुमानित भार | दर प्रति क्विंटल रूपया / पैसा (अंकों में) | दर प्रति क्विंटल रूपया / पैसा(शब्दो में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जनगणना कार्य निदेशालय झारखण्ड के अभिलेखागार राजाबंगला हजारीबाग से उड़ीसा, भुवनेश्वर में लोडिंग–अनलोडिंग के साथ प्रस्तुत दर | | | |
| 2. | राँची स्थित (रियाडा भवन) के द्वितीय तल से जनगणना अभिलेखों (बक्से / बोरे में भरे हुए) को लोडिंग कर जनगणना निदेशालय, उड़ीसा भुवनेश्वर के (Pre Feb Structure ) में अन लोडिंग कर भण्डारगृह में रखवाना। | | | |

नोटः– दर प्रति क्विंटल मे ढुलाई, लोडिंग अनलोडिंग, भण्डार में चट्टा लगाना, मजदूरी, बीमा तथ अन्य देय कर सहित एक मुश्त कोट करें।

2. मैंने दर कोट करने वाले के लिए अनुदेश और संविदा की शर्तो का तथा उस पत्र में जिसके प्रत्युत्तर में यह कोटेशन प्रस्तुत की जा रही है उल्लिखित निबंधनों और शर्तो के अतिरिक्त करार के प्रारूप में उल्लिखित सभी निबंधनों और शर्तो को भी ध्यानपूर्वक पढ़ और समझ लिया है और मैं उपर्युक्त दस्तावेज में अन्तविष्ट उपबंधों से आबद्ध होने के लिए सहमत हूँ।
3. मैं इस प्रस्थापना को स्वीकृति के लिए ....................................... तक जिसमें ...................... जो सम्मिलित हो खुली रखने के लिए सहमत हूँ।

दिनांक.................................. निविदाकर्ता का नाम.......................................................................
स्थान.................................. निविदाकर्ता का हस्ताक्षर.......................................................................